प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक- 10.09.2024


# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

**पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान पीडितों की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया, प्राप्त जन समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फरियादियों को आश्वस्त करते हुए सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा-निर्देश...**

आज दिनांक 10.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया, जिससे फरियादियों के चेहरे में सम्बन्धित शिकायत के जल्द निस्तारण होने की उम्मीद दिखाई दे रही थी। सभी फरियादियों ने आश्वस्त होकर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की है।



# पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश-

आज दिनांक 10.09.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी।

जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी, इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी।






## थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 01 नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अवैध शस्त्र के निर्माण, बिक्री एवं परिवहन से सम्बन्धित अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्रीमती हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ श्री राधेश्याम वर्मा द्वारा गठित की गई उ0नि0 सुबाषचन्द्र तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त चंचल अहिरवार पुत्र पन्नालाल अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 गाँधीनगर गुरसराय थाना गुरसरांय जनपद झाँसी जिसके कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए ग्राम चौका के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 170/2024 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

चंचल अहिरवार पुत्र पन्नालाल अहिरवार उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 गाँधीनगर गुरसराय थाना गुरसरांय जनपद झाँसी

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सुबाषचन्द्र तिवारी
2. प्रशि0उ0नि0 अनुज कुमार सिंह
3. हे0का0 राजेश कुमार
4. हे0का0 शत्रुघन सिंह



## थाना चरखारी महोबा की पुलिस टीम ने 01 नफर वारण्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 01 नफर वारण्टी अभियुक्त लाल बहादुर अहिरवार पुत्र स्व0 गोरेलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा सम्बन्धित केस नं0 3806/23, अ0सं0 204/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना चरखारी में मा0 न्यायालय सिविल जज जू0डि0/मजिस्ट्रेट चरखारी महोबा द्वारा निर्गत गिरफ्तारी वारण्ट के अनुपालन में अभियुक्त उपरोक्त को ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त-

लाल बहादुर अहिरवार पुत्र स्व0 गोरेलाल उम्र करीब 23 वर्ष निवासी ग्राम रिवई थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय
2. हे0का0 प्रदीप कुमार
3. का0 शिवकुमार



## थाना चरखारी महोबा की पुलिस टीम ने नाबालिक से यौन उत्पीडन करने वाले 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 10.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 अनूप कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/2024 धारा 137(2)/74 BNS व 7/8 पाक्सो एक्ट व 3(2)(5)क, 3(1)1 SC/ST ACT थाना चरखारी से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त भारत पुत्र रघुनाथ कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा को काकुन रिवई रोड यात्री प्रतीक्षालय के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

भारत पुत्र रघुनाथ कुशवाहा उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बैहारी थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**

1. उ.नि. अनूप कुमार पाण्डेय
2. हे0का0 प्रदीप कुमार



## थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने 41 क्वार्टर अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद महोबा में अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखे जाने के उद्देश्य से आपराधिक क्रियाकलापों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 09.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड के निकट  पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर श्री शिवपाल सिंह द्वारा संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई।

उ0नि0 अर्जुन सिंह, म0उ0नि0 यूटी शिवांगी प्रजापति, का0 शुभम यादव के नेतृत्व में गठित प्रथम पुलिस टीम ने अवैध शराब के साथ ग्राम बिलरही से एक अभियुक्ता श्रीमती परी कबूतरा पत्नी शंकर कबूतरा निवासी कबूतराडेरा किशोरगंज मजरा बिलरही थाना श्रीनगर जनपद महोबा उम्र करीब 30 वर्ष को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 16 क्वार्टर अवैध शराब की बरामदगी की गई है।

उ0नि0 दिनेश कुमार यादव हमराह, का0 हरिओम यादव, का0 राघवेन्द्र सिंह  के नेतृत्व में गठित हुई द्वितीय पुलिस टीम ने मुहल्ला भैरोगंज से एक नफर अभियुक्त चिरंजीलाल खटीक उर्फ बबलू पुत्र गरीबदास उम्र 50 वर्ष निवासी मुहल्ला भैरोगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 25 क्वार्टर अवैध शराब की बरामदगी की गई है।

उक्त अवैध शराब की बरामदगी के सम्बन्ध में थाना श्रीनगर में क्रमशः मु0अ0सं0 190/2024 व मु0अ0सं0 191/2024 धारा 60 आबकारी अधि0 का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित की गयी।

**गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम का विवरण-**

**प्रथम पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 अर्जुन सिंह 2. म0उ0नि0 यूटी शिवांगी प्रजापति 3. का0 शुभम यादव

**द्वितीय पुलिस टीम-**

1. उ0नि0 दिनेश कुमार यादव 2. का0 हरिओम यादव 3. का0 राघवेन्द्र सिंह